आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ 7(4)अकाद/आकाशि/2019/285-91

दिनांकः 16 अगस्त, 2019

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान

विषयः अगस्त माह 2019 में आयोजित होने वाली मासिक परीक्षा की तिथि के परिवर्तन के संबंध में।

महोदय,

राजस्थान के समस्त महाविद्यालयों में जुलाई 2019 में बिना वीक्षक के आयोजित मासिक परीक्षा में लगभग 1.5 लाख विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मासिक परीक्षा के सफल आयोजन से महाविद्यालयों में परीक्षाओं की तैयारी एवं उनमें नियमित अध्ययन के प्रति जागरूकता उत्पन्न हुई है। अतः इस सत्र में हर माह मासिक परीक्षा में प्रत्येक विद्यार्थी की भागीदारी सुनिश्चित कराना हमारा दायित्व है। पूर्व कार्यक्रमानुसार दिनांक 26.08.2019 को मासिक परीक्षा का होना तय था परन्तु छात्रसंघ चुनाव 2019 प्रक्रिया के कारण इस तिथि को मासिक परीक्षा का आयोजन किया जाना संभव प्रतीत नहीं होता है। अतः समस्त महाविद्यालयों में दिनांक 30.08.2019 को मासिक परीक्षा का आयोजन किया जाना सुनिश्चित करें। इस मासिक परीक्षा में प्रश्न पत्र का प्रारूप जुलाई 2019 में आयोजित मासिक परीक्षा के अनुरूप ही होगा। विशेषतः यह मासिक परीक्षा भी बिना वीक्षक के आयोजित की जानी है।

भवदीय,

16/8

(प्रदीप कुमार बोरड़)
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा एवं
विशिष्ट शासन सचिव,उच्च शिक्षा,
राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ 7(4)अकाद/आकाशि/2019/285-91

दिनांकः 16 अगस्त, 2019

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सहायक, अतिरिक्त आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. सहायक निदेशक, समस्त क्षेत्रीय कार्यालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान।
4. संबंधित महाविद्यालय के प्रभारी अधिकारी, कॉलेज समूह, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राज., जयपुर।
5. वेबसाइट प्रभारी, आयुक्तालय। कृपया पत्र को अपलोड़ करने का श्रम करें।
6. रक्षित पत्रावली।

16.8.19

(डॉ. आर.सी.मीना)
संयुक्त निदेशक(अकादमिक)